# एआई चैटबॉट स्पर्धा में पांच लाख तक जीतने का मौका

**यूटीयू ने की डीप शिवा चैटबॉट तैयार करने की आधिकारिक घोषणा**

**देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता।** उत्तराखंड तकनीकी विवि (यूटीयू) ने डीप शिवा नाम से एआई आधारित चैटबॉट तैयार करने की अधिकारिक घोषणा की है। पहले चरण में आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई है। इस स्पर्धा में पांच लाख तक पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह के अनुसार, कुलाधिपति राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) के आह्वान से प्रेरित होकर यह चैटबॉट तैयार किया गया है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न संस्थान और इंजीनियर, यूजी-पीजी छात्रों की टीम कृषि, स्वास्थ्य सेवा और पर्यटन में से किसी एक विषय चुनकर एआई आधारित चैटबॉट तैयार करेगी। इनका मूल्यांकन शिक्षा-उद्योग जगत के विशेषज्ञ करेंगे। तीन श्रेणियों में मूल्यांकन एक साथ होगा। सर्वश्रेष्ठ टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में पांच लाख, द्वितीय पुरस्कार के तहत तीन लाख, तृतीय पुरस्कार के तहत 2 लाख रुपये मिलेंगे।